कसरत दे रही रोगियों को संजीवनी : नरेंद्र सिंह

मरीजों की आत्मनिर्भरता वापस लाने वाली सेवा है फिजियोथैरेपी : कुलगुरु प्रो. आचार्य

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 15मार्च। अत्याधुनिक मशीनों व कसरत के जरिए न केवल रोगियों को संजीवनी दी जा रही है, बल्कि मुरझाए चेहरों पर मुस्कान बिखेरने का काम फिजियोथैरेपी में हो रहा है। यह बात मप्र विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कही। वे रविवार को होटल लैंडमार्क में मातृत्व जनआरोग्य एवं शिक्षा समिति और ग्वालियर एसोसिएशन ऑफ फिजियोथैरेपी के पहला अंतरराष्ट्रीय ग्वालियर फिजियो मंथन का शुभारंभ सत्र को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। विशिष्ट अतिथि जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजकुमार आचार्य, न्यूरोसर्जन डॉ. कमल वर्मा, मध्य क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यशवंत इंदापुरकर एवं आरोग्य भारती के प्रांत संगठन मंत्री मुकेश दीक्षित उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद मंचासीन अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति के डॉ. सूर्यकांत अग्निहोत्री एवं डॉ. अभिषेक यादव ने किया। फरीदाबाद के न्यूरोसर्जन डॉ. कमल वर्मा ने कहा कि न्यूरोसर्जरी के बाद फिजियोथैरेपी बहुत जरुरी है। अंत में डॉ. सूर्यकांत अग्निहोत्री, डॉ. अभिषेक यादव ने अतिथियों एवं देश विदेश से आए विशेषज्ञों को पौधा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। संचालन डॉ. रजनीश नीखरा एवं आभार डॉ. नीलिमा जौहरी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. दिनेश गुर्जर, डॉ. लाव्या गोयल, डॉ. गरिमा गर्ग, डॉ. आस्था श्रीवास्तव, डॉ. पूजा गुप्ता, डॉ. तुषार घोड़के, डॉ. हरिओम शर्मा, डॉ. विश्वाकाश जैन, डॉ. विक्रांत अवस्थी, डॉ. हेमेन्द्र यादव, डॉ. विकास सविता, डॉ. आनंद थापक सहित 350 फिजियोथैरेपिस्ट उपस्थित रहे।

इन्होंने बताईं नई तकनीकें

इस अवसर पर डॉ. शबाना सईद दुबई, डॉ. अंकित शर्मा कनाडा, डॉ. के.पल्सन बैंगलोर, डॉ. जगप्रीत सिंह भोपाल, डॉ. हर्ष.एम.राजदीप कोटा, डॉ. मुकेश.बी.छाबड़ा मुंबई, डॉ. अनुराग शर्मा द्वारका के अलावा डॉ. डी.विजय, डॉ. आनंद मिश्रा, डॉ. जीआर सुरेश, डॉ. मनीष श्रीवास्तव, डॉ. जगदीश जायसवाल, डॉ. विवेक श्रीवास्तव, डॉ. रोहित श्रीवास्तव आदि ने फिजियोथैरेपी के नए आयामों व आधुनिक तकनीकों पर विचार रखे।

यह बोले विशेषज्ञ

फिजियोथैरेपिस्ट आईसीयू टीम का अभिन्न अंग हैं, जो रोग की गंभीरता के अनुसार व्यक्तिगत रूप से पुनर्वास योजना बनाते हैं। यह गहन देखभाल के दौरान गंभीर रूप से बीमार रोगियों में लंबे समय तक बिस्तर पर रहने (बेड रेस्ट) से होने वाली मांसपेशियों की कमजोरी और यांत्रिक वेंटिलेशन के प्रतिकूल प्रभावों को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

-डॉ. शबाना सईद, दुबई

समय के साथ मशीनों के जरिये लोगों का दर्द दूर किया जा रहा है। हड्डी, नसें और शरीर के जोड़ के दर्द दूर करने के लिए फिजियोथैरेपी सबसे बेहतर इलाज है। इसमें दर्द निवारक दवाओं की जरूरत नहीं पड़ती।

-डॉ. अंकित शर्मा, कनाडा

एमआईटीएस में विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 15मार्च। माधव प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (डीम्ड विश्वविद्यालय), ग्वालियर के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग के सहयोग से आईईईई पावर एंड एनर्जी सोसाइटी (एमपी चैप्टर) के तत्वावधान में 14 मार्च को विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशेषज्ञ व्याख्यान सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

इस अवसर पर पावर सिस्टम इंजीनियरिंग के क्षेत्र के प्रख्यात विशेषज्ञ डॉ. कल्याण के. सेन, प्रेसिडेंट एवं सीटीओ, सेन इंजीनियरिंग सॉल्यूशंस इंक.अमेरिका ने मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने व्याख्यान में विद्युत ट्रांसमिशन प्रणाली में सेन ट्रांसफॉर्मर की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा बताया कि इसके माध्यम से ट्रांसमिशन लॉस को कम कर पावर प्रोफाइल में सुधार किया जा सकता है। डॉ. सेन ने विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को तकनीकी ज्ञान का उपयोग नवाचार और आविष्कार में करने के लिए प्रेरित किया, जिससे तकनीक के माध्यम से समाज के विकास में योगदान दिया जा सके। कार्यक्रम के दौरान संस्थान की प्रो-वाईस चांसलर डॉ. मंजरी पंडित ने इस प्रकार के विशेषज्ञ व्याख्यानों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं। इस अवसर पर विद्युत अभियांत्रिकी विभागाध्यक्ष डॉ. शिशिर दीक्षित, डॉ. यशवंत सावलें, चेयर आईईईई पावर एंड एनर्जी सोसाइटी (एमपी चैप्टर) सहित विभाग के संकाय सदस्य, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ई. राजेश शर्मा का विशेष योगदान रहा।

स्व. रामकुमारी सिकरवार की पुण्यतिथि पर भजन संध्या आज

श्रद्धांजलि सभा में गायक राकेश जैन भजनों की प्रस्तुति देंगे

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 15 मार्च। पूर्व विधायक गजराज सिंह सिकरवार की धर्मपत्नि स्व. श्रीमती रामकुमारी सिकरवार (जीजी) की तृतीय पुण्यतिथि पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी 16 मार्च (सोमवार) को पिपरोली चिरवाई नाका शिवपुरी लिंक रोड स्थित जे.बी.आई.टी.एम कॉलेज परिसर में मनाई जायेगी। इस दौरान श्रृद्धांजली सभा, भजन एवं भण्डारा प्रसादी का आयोजन प्रात: 10 बजे से प्रारम्भ होगा। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन गायक एवं संगीतकार राकेश जैन एवं उनकी टीम द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जायेगी। यह जानकारी विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने दी है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम स्थल तक गणमान्यजनों के आने-जाने के लिये सिद्धेश्वर नगर जीतू एस.टी.डी मुरार, पानी की टंकी के पास अशोक कॉलोनी मुरार, तिकोनिया तिराहा अल्पना टॉकीज के पास मुरार, द्वारिकाधीश मंदिर थाठीपुर, हरदौल गार्डन सचिन तेन्दुलकर मार्ग, रेल्वे क्रांसिग सिंधिया नगर, रामनगर विक्की फैक्ट्री, झांसी रोड थाना के पास, मांढरे की माता मोनी बाबा आश्रम के पास, रोशनी घर पार्क इन्द्रगंज, ओफो की बगिया कटोराताल के सामने, शंकर चौक ललितपुर कॉलोनी, गुब्बारा फाटक माधव प्लाजा, रामनगर पार्क ईदगाह मुरार, कबीर पार्क सरकारी मल्टी के पास सुरेश नगर थाठीपुर, मरघट मुक्तिधाम मुरार, नारायण विहार कॉलोनी गोला का मंदिर, हीराभूमिया मंदिर नाकाचन्द्रवदनी, स्व. डॉ. दर्शन सिंह गेट मेला के पीछे बस उपलब्ध रहेगीं।

महिला पटवारी का मंगलसूत्र चोरी

ग्वालियर। घर से गोहद ड्यूटी जाने के लिए निकली महिला पटवारी का बस में चढ़ते समय मंगलसूत्र चोरी हो गया। पटवारी वर्तमान में अनुविभागीय अधिकारी तहसील कार्यालय गोहद में पदस्थ हैं और रोजाना बस से अप-डाउन करती हैं। घटना 7 मार्च को गोला का मंदिर पुलिस थाना क्षेत्र के जोधाणा मिष्ठान भंडार के पास की है और पुलिस ने बीते रोज चोरी होने का मामला दर्ज किया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। बबीता कौशल पत्नी मनोज कौशल निवासी सिद्धेश्वर नगर अशोक कॉलोनी गोहद में तहसील कार्यालय में पटवारी हैं। 7 मार्च को गोहद जाने के लिए घर से निकली थीं। बबीता कौशल बस का इंतजार करने के लिए भिंड रोड स्थित जोधाणा मिष्ठान भंडार के पास जाकर खड़ी थीं।

शिक्षक संघ की बृहद बैठक फूलबाग पर आयोजित

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 15मार्च। पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन से ध्यान भटकाने तथा शिक्षकों के हक अधिकारों पर कुठारघात करने वाले तथा मानसिक रुप से प्रताड़ित करने के लिए (टीईटी) परीक्षा अनिवार्य करने वाले शिक्षा विभाग के आदेश को वापस कराने की रणनीति बनाने के हेतु रविवार को सायं 04 बजे गाँधी पार्क फूलबाग पर एक बृहद बैठक की गई।

बैठक में आम शिक्षक साथी एवं शिक्षक हित में कार्य करने वाले सभी शिक्षक अध्यापक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित हुये जिसमें निर्णय लिये गये उनके बारे में लक्ष्मी नारायण जाटव ने बताया कि शिक्षक अध्यापक संयुक्त संघर्ष मोर्चा ग्वालियर के द्वारा 20 मार्च को विकास खण्ड स्तर पर एवं 25 मार्च को जिला स्तर पर जिला कलेक्टर ग्वालियर के माध्यम से मुख्यमंत्री तथा भारत सरकार को (टीईटी) परीक्षा को रद्द करने के लिए न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करने के लिए ज्ञापन दिये जायेंगे तथा 16 मार्च से 25 मार्च तक सांसद विधायक तथा मंत्री आदि को सामूहिक ज्ञापन दिया जायेगा। इस बैठक में मुख्य रूप से रहीश गौरी, लक्ष्मी नारायण जाटव, अरुण प्रताप सिंह, निरंजन सिंह गुर्जर, राजेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह गुर्जर, शशि कुशवाह, पदम नारायण शर्मा, वीरेंद्र सिंह राजेश मिश्रा, हिम्मत सिंह यादव, अमित उपमन्यु, नरेश गुप्ता, अजय शर्मा, शैल सगर, नबाब सिंह रावत, हाकिम सिंह पाल शिवकुमारी लोधी, योगेश शर्मा, वीरेंद्र सिंह, सुरेश जालोन, प्रीति शर्मा, अनीता शर्मा, रश्मि सकतौलिया, सुनीता राज, शारदा सिंह, नीलू सगर, अशोक बाबू पाल एवं समस्त (टीईटी) पीड़ित साथी सैकडों की संख्या में शिक्षक अध्यापक उपस्थित रहे।

दिन में छाए बादल, हवा में घुली ठंडक

ग्वालियर। पश्चिमी विक्षोभ के कारण पिछले दो दिनों से शहर में बादल अपना डेरा जमाए हुए हैं, जिसके कारण वातावरण ठंडा हो गया है, बादल छाए रहने के कारण न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई, लेकिन इसके विपिरित लोगों को रात में हल्की सर्दी का अहसास हुआ। आज शहर का न्यूनतम तापमान 20 डिग्री दर्ज किया गया जो कि सामान्य से 4.3 डिग्री अधिक है, जबकि अधिकतम तापमान 34.1 डिग्री दर्ज किया गया जो कि सामान्य से 2.2 डिग्री अधिक है। मौसम विभाग के अनुसार आज 16 मार्च को शहर में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण पिछले दो दिनों से छाए बादलों के कारण दिन के तापमान में 3.6 डिग्री की कमी आई है। बुधवार को जहां शहर का अधिकतम तापमान 37.7 डिग्री था, जो अब घटकर 34.1 डिग्री पर पहुंच गया है। रात में बादल छाए रहने के कारण गर्मी वातावरण में नहीं जा पाई जिसके कारण रात के तापमान में 2.2 डिग्री की बढ़ोत्तरी हुई है। हालांकि रात एवं आज सुबह लोगों को सर्दी का अहसास हुआ। सुबह लोगों को सर्दी के कारण कंबल ओढ़ना पड़े। मौसम विभाग के अनुसार 16 मार्च तक पश्चिमी विक्षोभ के कारण शहर में हल्की ठंडक रहेगी, इसके बाद फिर से तापमान बढ़ना प्रारंभ हो जाएगा।

भाजपा की सोशल मीडिया प्रभारी गिरजा गर्ग हुई सम्मानित

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 15मार्च। सुरों के बसेरा द्वारा महिला दिवस का कार्यक्रम दाल बाजार गूंज संगीत स्टूडियो में बड़ी धूम धाम से आयोजित किया गया। बसेरा ग्रुप की एडमिन शैली पांडे शर्मा और एंकर शिवांगी शर्मा द्वारा अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। अतिथियों के रूप में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी गिरजा गर्ग बेटी है तो कल है के संचालक संस्था के अध्यक्ष डॉ भूपेंद्र प्रेमी, वंदना प्रेमी, गूंज स्टूडियो के संचालक सतीश अग्रवाल, दीपक शर्मा सहित सभी अतिथियों का सम्मान किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में नीता अग्रवाल, सुजाता मन, विनीता अग्रवाल आदि ने अपनी प्रस्तुति संगीत के माध्यम से दी। कार्यक्रम में हरीश कुशवाहा, रिंकू सिहोते, हरीश बत्रा, चरण सिंह, रोशन कोटनाला, मालती गुप्ता, तनुजा खत्री, रचना श्रीवास्तव, डॉली शर्मा, विनीता अग्रवाल, पिंकी यदुवंशी, सुनीता श्रीवास्तव, नीता अग्रवाल, भगवती झा, अर्चना प्रभात शर्मा, संध्या क्षीरसागर, अंजू कुशवाहा, राधा मांझी, नीलम श्रीवास्तव, आरती श्रीवास्तव, आरती सिंह, अमृता गुप्ता, अर्चना शर्मा, ज्योति दुबे, बरखा सोनी, सुजाता माने, संगीता साहू, ऋतु सक्सैना, सुजाता यदुवंशी, संध्या पाठक, सपना नारायण, सुमन वालेचा, उत्कर्ष पाहवा, काव्य चौरसिया, शीतल वर्मा आदि उपस्थित रहे।

तृप्ति भटनागर दिल्ली में 'राष्ट्र शक्ति शिरोमणि सम्मान' से सम्मानित

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 15मार्च। प्रखर राष्ट्रवादी साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन 'सम्पर्क क्रांति परिवार' द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में राष्ट्रीय शक्ति शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में समाज सेवी तृप्ति भटनागर को 'राष्ट्र शक्ति शिरोमणि सम्मान 2026' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समाज एवं राष्ट्र के प्रति सकारात्मक योगदान तथा प्रेरणादायक कार्यों की सराहना के रूप में प्रदान किया गया।

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 15मार्च। विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा रविवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपभोक्ताओं को उपभोक्ता अधिकारों, शिकायत निवारण की प्रक्रिया, साइबर ठगी से बचाव तथा खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी के माध्यम से उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत सामाजिक संस्था अलख - सामाजिक एवं जनक कल्याण समिति ग्वालियर को संभाग स्तरीय पुरस्कार से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र अलख संस्था के सचिव जावेद खान और उनकी टीम ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में उप पंजीयक पंजीयन विभाग महेन्द्र सिंह कौरव, जिला आपूर्ति नियंत्रक अरविन्द सिंह भदौरिया, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिला सचिव विवेक शर्मा, सुनील श्रीवास्तव, नाप-तौल विभाग से वी.एस. सिंघानिया, खाद्य सुरक्षा विभाग से सतीश धाकड़ मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन खाद्य आपूर्ति विभाग के सहायक आपूर्ति अधिकारी महावीर सिंह राठौर ने किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों, गैस एजेंसियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

फौजी के घर चोरी करने वाले बेसुराग

ग्वालियर। दो दिन पहले शताब्दीपुरम फेस-2 में ओंकार सिंह तोमर के घर हुई चोरी के मामले में पुलिस अभी तक खाली हाथ है। अज्ञात चोर ओंकार सिंह तोमर के घर से 40 लाख रुपए से अधिक के जेवरात चोरी कर ले गया था और इस वारदात का सीसीटीवी फुटेज पुलिस के पास है। लेकिन अभी तक पुलिस चोर की परछाई तक नहीं पा सकी है। वहीं विंग कमांडर जसदीप कौर की सोने की चेन चोरी करने वाले आरोपी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आए हैं। विंग कमांडर जसदीप कौर एयरफोर्स परिसर में रहती हैं जो सुरक्षा के लिहाज से अति सुरक्षित माना जाता है।

गोपाचल पर्वत पर भक्ति के साथ हुआ 243वां अभिषेक

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 15मार्च। स्याद्वाद युवा क्लब के वर्ष 2026-27 के लिए वार्षिक चुनाव शनिवार शाम अध्यक्ष हर्ष जैन के निवास पर सम्पन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया के दौरान सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नई कार्यकारिणी में हर्ष जैन को अध्यक्ष, नरेंद्र जैन को उपाध्यक्ष, चिराग जैन को मंत्री, गौरव जैन को कोषाध्यक्ष तथा हिमांशु जैन को अभिषेक संयोजक का दायित्व सौंपा गया। इसके अतिरिक्त ऋषभ जैन एवं अजय जैन को प्रचार मंत्री, दीपक जैन एवं सुरेंद्र जैन एवं अमित जैन को संयोजक, नवीन जैन को सांस्कृतिक मंत्री, निकुंज जैन को ब्लड कोऑर्डिनेटर, निखिल जैन को साधु विहार प्रभारी, विवेक जैन को मीडिया प्रभारी तथा संस्कार जैन को खेल मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं अतुल जैन, पवन जैन, सौरभ जैन, प्रदीप जैन को संरक्षक सलाहकार के रूप में कार्यकारिणी में शामिल किया गया। इसके अगले दिन रविवार को गोपाचल पर्वत स्थित जैन मंदिर में स्याद्वाद युवा क्लब द्वारा 243वां साप्ताहिक सामूहिक अभिषेक श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर क्लब के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने भगवान का जलाभिषेक कर धर्म लाभ प्राप्त किया तथा समाज में सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने नवगठित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए क्लब के माध्यम से धर्म, संस्कृति और सामाजिक सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

मल्टी ऑर्गन फेल्योर से जूझ रहे 14 वर्षीय बालक को मिली नई ज़िंदगी

4 दिन में वेंटिलेटर से बाहर आया मरीज, डॉक्टरों की टीमवर्क से हुआ चमत्कार

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 15मार्च। शहर के आरजेएन अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पीटल में गंभीर अवस्था में भर्ती 14 वर्षीय बालक को नई ज़िंदगी देने में डॉक्टरों की टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। बालक को टाइफाइड (एंटेरिक फीवर) के साथ सेप्टिक शॉक और मल्टी ऑर्गन डिस्फंक्शन सिंड्रोम (स्ह्लष्ठस्) की स्थिति में लाया गया था। उसकी हालत इतनी गंभीर थी कि उसे तुरंत आईसीयू में वेंटिलेटर और इनोट्रोपिक सपोर्ट पर रखना पड़ा। डॉक्टरों के अनुसार मरीज को मायोकार्डाइटिस (हृदय पर असर), लिवर एंजाइम्स में वृद्धि (ट्रांसएमिनाइटिस), किडनी फेल्योर (AKI), प्लेटलेट्स में भारी गिरावट और गहरी एन्सेफेलोपैथी जैसी जटिलताएं थीं। वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. राम विग्नेश ने बताया, कि 'मरीज अत्यंत गंभीर स्थिति में था। समय पर सही ट्रायेज और आक्रामक उपचार शुरू करना बेहद जरूरी था। टीम ने एकजुट होकर हर पल मॉनिटरिंग की।' क्रिटिकल केयर टीम के डॉक्टरों ने बताया कि समय पर इंट्यूबेशन, सटीक वेंटिलेशन मैनेजमेंट और संतुलित दवाओं के उपयोग से मरीज की स्थिति में तेजी से सुधार हुआ। 'लगातार 72 से 96 घंटों की गहन निगरानी के बाद अंगों की कार्यक्षमता सुधरने लगी और चौथे दिन मरीज को सफलतापूर्वक वेंटिलेटर से हटा लिया गया,' डॉक्टरों ने बताया। इस जटिल केस के सफल उपचार में डॉ. आदित्य, डॉ. अतुल, डॉ. प्रखर, डॉ. आबिद, डॉ. अभिषेक, डॉ. जितेंद्र, डॉ. आभास, डॉ. उज्ज्वल सहित वरिष्ठ रेजिडेंट डॉक्टरों और आईसीयू स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि यह सफलता आधुनिक आईसीयू सुविधाओं, विशेषज्ञ टीमवर्क और त्वरित निर्णय क्षमता का परिणाम है। 'गंभीर संक्रमण और सेप्टिक शॉक के मामलों में समय पर इलाज ही जीवन बचाता है।

गैस सिलेंडर की कमी से आम नागरिकों की मुश्किलें बढ़ीं

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 15मार्च। शहर कांग्रेस के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्षद दल की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडर की कीमतों में की गई भारी बढ़ोतरी, गैस सिलेंडर की किल्लत, कालाबाजारी और लगातार बढ़ती महंगाई को लेकर भाजपा केन्द्र सरकार की इन जनविरोधी नीतियों के खिलाफ शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 17 मार्च को नदी गेट चौराहा से पाटनकर बाजार तक कांग्रेस हल्ला बोल जंगी प्रदर्शन में कांग्रेस पार्षदों और कांग्रेसजनों की अहम भूमिका रहेगी। बैठक में सभी पार्षदों को अपने-अपने वार्डों से अधिक से अधिक संख्या में जनता को इस आंदोलन से जोड़ने के निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण आज देश की आम जनता महंगाई और रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि ने आम परिवारों का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। इतना ही नहीं, शहर में गैस सिलेंडर की किल्लत के कारण कालाबाजारी भी बढ़ गई है, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में हेवरन कंसाना, अवधेश कौरव, प्रमोद खरे, अंकित कठुल, मुकेश धाकड़, सुरेन्द्र साहू, मोनिका मनीश शर्मा, विनोद यादव माठू, आसिफ अली, गायत्री सुधीर मंडेलिया, रामू अनीता कुशवाह, मनोज राजपूत, चंदनी जंग बहादुर, धमेन्द्र कुमार जेन, शकील मंसूरी, किरन धर्मेन्द्र वर्मा, दीपक यादव, किरन धर्मेन्द्र वर्मा आदि उपस्थित थे।

रोड नहीं तो टोल नहीं, आंदोलन का समर्थन : राजावत

ग्वालियर। जन सहयोग जन कल्याण बहुद्देशीय समिति ग्वालियर के अध्यक्ष उमेश सिंह राजावत ने जनता से अपील की है कि कल 16 मार्च को 'रोड नहीं तो टोल नहीं' का समर्थन करते हुए आंदोलन में भारी संख्या में सम्मिलित हों। हमारा सहयोग संत समाज ओर आमजन के साथ रहेगा। अधिक से अधिक संख्या में बरेठा टोल पर पहुंच कर टोल वसूले जाने का शांति पूर्ण विरोध प्रदर्शित करें। राजावत ने टोल वसूले जाने की भर्त्सना करते हुए इटावा से भिंड ग्वालियर 6 लेन ग्रीनफील्ड सुपर एक्सप्रेसवे बनाने की सरकार से मांग की। टोल कंपनी से करार भंग कर दे या शेष रुपए भरकर बेरियर समाप्त कर दे। यह पैसा जनता का है, जब जनता के लिए 6 लेन हाइवे बना दीजिए पुन: जायज टोल वसूल करें।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95